*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 16 मार्च 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

# नशे का मायाजाल

हाल के दिनों में देश के विभिन्न भागों में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी हमारे नीति नियंताओं की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। ये घातक नशा न केवल युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करता है बल्कि अपराध की एक अंतहीन शृंखला को भी जन्म देता है। जाहिरा तौर पर नशे के अंतर्राष्ट्रीय सौदागर देश में कानून—व्यवस्था का संकट भी पैदा करना चाहते हैं। यह संकट कितना बड़ा है, वह इस बात से पता चलता है कि एक माह के भीतर भारतीय एजेंसियों ने गुजरात तट पर नशे की एक दूसरी बड़ी खेप बरामद की है। एनसीबी, तटरक्षक बल व गुजरात आतंकरोधी दस्ते के साझे अभियान को तब बड़ी कामयाबी हाथ लगी, जब पोरबंदर तट पर करीब 480 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ जब्त किया गया। इसके साथ ही एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के लिये काम करने वाले छह पाकिस्तानियों की गिरफ्तारी भी महत्वपूर्ण है, जिसके जरिये समुद्र मार्ग से हो रही नशीले पदार्थों की बड़ी तस्करी के सूत्र तलाशने में भारतीय एजेंसियों को मदद मिल सकेगी। ज्यादा दिन नहीं हुए जब पिछले महीने ही गुजरात के तट पर एक ईरानी नाव से तैंतीस सौ किलोग्राम नशीले पदार्थ बरामद किये गए थे। गाहे—बगाहे देश के अन्य भागों से भी नशीले पदार्थों की बरामदगी की खबरें मिलती रहती हैं। अकेले गुजरात से ही पिछले दो सालों के दौरान करीब छह हजार करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। इस आंकड़े से इस बात का अहसास किया जा सकता है कि पूरे देश में नशीले पदार्थों की बरामदगी का आंकड़ा कितना बड़ा होगा। यह भी कि देश की युवा पीढ़ी को तबाह करने की कितनी बड़ी साजिश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रची जा रही है। बड़ी बरामदगियों में पाकिस्तान, ईरान व अफगानिस्तान की भूमिका से गहरी साजिश की ओर इशारा मिलता है। निश्चित रूप से ड्रग्स से हासिल रकम का उपयोग पूरी दुनिया में आतंकवाद की जड़ें सींचने में किया जा रहा है। अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था में ड्रग्स की भूमिका किसी से छिपी नहीं है।

निस्संदेह, देश में जब भी कहीं कोई नशे की बड़ी खेप की बरामदगी होती है आम भारतीय की फिक्र बढ़ जाती है। कल्पना कीजिए कि यदि हाल में बरामद ड्रग्स की खेप भारत में दाखिल होती तो कितने युवा पथभ्रष्ट होते? वहीं देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बड़ी मात्रा में आतंकवाद को सींचने के लिये चली जाती। हमें न केवल बाहर से आने वाली नशे की खेपों पर अंकुश लगाना है, बल्कि उन काली भेड़ों पर भी लगाम कसनी है जो अंतर्राष्ट्रीय तस्करों की मददगार बनी हुई हैं। हमें देश के भीतर नशे सप्लाई करने वाले तंत्र की जड़ों तक भी पहुंचना होगा, अन्यथा हजारों घरों के चिराग असमय काल—कवलित होते रहेंगे। देश के विभिन्न भागों से नशे की ओवर डोज से मरने वाले युवाओं की खबरें अकसर आती रहती हैं। अपनों को खोने वाले परिवारों की पीड़ा को देश के नीति—नियंताओं को समझना होगा। नशे की इस भयावह लत का एक घातक पहलू यह भी है कि यह समाज में कई तरह के अपराधों को भी जन्म देती है। विगत में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि जब महंगे नशीले पदार्थों को खरीदने के लिये युवा अपराध की तंग गलियों में विचरण करने लगते हैं। कई सोने की चेन छीनने की घटनाओं में तमाम ऐसे युवक पकड़े गए हैं जो अच्छे खाते—पीते घरों के थे, कई अच्छे शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत थे। संकट का एक पहलू पड़ोसी देश पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों की भूमिका भी है। जम्मू—कश्मीर व पंजाब में ड्रग मनी का इस्तेमाल आतंकवादियों को हथियार उपलब्ध कराने तथा भारत विरोधी अभियान चलाने में किया जाता है। यहां तक कि सीमा पर सुरक्षा बलों की कड़ी चौकसी के बाद अब ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थ सीमावर्ती जिलों में गिराये जा रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल ने ऐसे कई ड्रोन मार भी गिराए जो नशे की खेप लेकर भारतीय सीमा में घुस रहे थे। निश्चित रूप से यह बड़ा संकट है। देश की सुरक्षा के लिए सरकार व उसकी खुफिया एजेंसियों को नियोजित ढंग से नशे के नापाक कारोबार के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोलना होगा।

# आवाज बदलकर साइबर ठगी का खेल

—रजनीश कपूर—



साइबर अपराधों में लिप्त अपराधी हर दिन नए ढंग से अपने शिकारों को फंसाने के तरीके खोजते रहते हैं। यदि आप जागरूक हैं तो आप इनके जाल में फंसने से बच सकते हैं। यदि आप घबराहट में कुछ ऐसा—वैसा कर बैठते हैं तो आप इनके जाल में आसानी से फंस सकते हैं। आज इस कॉलम में हम साइबर अपराध के एक नए तरीके 'वॉयस क्लोनिंग' के बारे में बात करेंगे जो आजकल सीधे सादे लोगों को अपना शिकार बना रहा है।

कुछ समय पहले तक साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके लोगों से पैसा ऐंठा जा रहा था। जैसे—जैसे इस तरह के साइबर अपराध के बारे में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को पता चला तो इन साइबर ठगों के अपराधों में कमी आने लगी। परंतु 'आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस' के इस नए दौर में साइबर ठगी के नए तरीके भी सामने आने लगे हैं। इनमें एक ताजा तरीका है 'वॉयस क्लोड्क्षनग'। यह एक ऐसी तकनीक है जिससे कि कम्प्यूटर द्वारा किसी की भी आवाज की नकल आसानी से बनाई जा सकती है। आवाज की इस नकल को पहचान पाना बहुत ही मुश्किल होता है।

कुछ दिन पहले मुझे मेरे एक मित्र जतिन का घबराहट में फोन आया। उसकी घबराहट का कारण यह था कि खुद्द को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच का एक अधिकारी बताने वाला व्यक्ति उसे धमका रहा था। उस व्यक्ति ने जतिन को फोन पर यह कहते हुए धमकाया कि उसका बेटा पुलिस हिरासत में है। जब उसने अपने बेटे की गिरफ्तारी की वजह पूछी तो उसे बताया गया कि उसका बेटा अपने कॉलेज की लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजता और उन्हें ब्लैकमेल करता है। चूंकि जतिन का बेटा आजकल के युवाओं की तरह रंगीन मिजाज का नहीं है इसलिए उसे इस बात पर यकीन नहीं हुआ। परंतु फिर भी एक घबराए हुए पिता की तरह जतिन ने भी यह जानना चाहा कि उसका बेटा कौन से थाने में है और उसे कैसे छुड़ाया जा सकेगा? परंतु तभी किसी कारण से फोन कट गया।

इसी बीच जतिन ने मुझे फोन कर अपनी परेशानी बताई। सबसे पहले मैंने उससे पूछा कि उसका बेटा इस समय कहां है? उसने बताया कि वह कॉलेज गया है। मैंने उससे पूछा कि फोन किस नंबर से आया था? क्या फोन उसके बेटे के फोन से आया था? चौक करने पर पता चला कि फोन किसी अंजान नम्बर से आया था। इतना ही नहीं उस नंबर से पहले 92 लगा था, जिससे संदेह हुआ कि यह एक फ्राड कॉल है। क्योंकि भारत के सभी फोन नंबरों से पहले 92 नहीं बल्कि 91 लगता है। मैंने जतिन को शांत करते हुए यह बात समझाई कि यदि पुलिस किसी छात्र को गिरफ्तार कर उसके माता—पिता से बात करती है तो या तो वह थाने के फोन से करेगी या छात्र के ही फोन से या पुलिस अधिकारी अपने फोन से कॉल करेगा जिसके पहले 91 लगा होगा।

इस पर जतिन को कुछ बात तो समझ में आई। लेकिन उसने यह भी कहा कि उस पुलिस अधिकारी ने उसके बेटे की फोन रिकाध्डग के कुछ अंश भी सुनाए हैं, जिसे सुन कर उसे चिंता हुई। इस पर मैंने जतिन से कहा कि क्या उसने अपने बेटे से उसी के फोन पर बात की? तो वह बोला घबराहट में उसने पहला फोन मुझे ही किया। जैसे ही जतिन ने दूसरे फोन से अपने बेटे से बात की तो उसे पता चला कि वह बिल्कुल सकुशल है और अपने कॉलेज में ही है।

मैंने जतिन को 'वॉयस क्लोनिंग' स्कैम के बारे में जो बताया वह आपके साथ सांझा करना भी आवश्यक है। उगाही के इस नए ढंग को यदि आप जान लेंगे तो शायद आप भी इन जालसाजों का शिकार होने से बच सकेंगे। 'वॉयस क्लोनिंग' साइबर ठगों का सबसे ताजा हथियार साबित हो रहा है। साइबर ठग आपके फोन पर किसी बैंक, फोन या बीमा कम्पनी का अधिकारी बनकर आप से बात करते हैं। ऐसे में वे आपके साथ हो रही पूरी बात को रिकॉर्ड भी कर लेते हैं।

इसके बाद 'आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस' की मदद से 'वॉयस क्लोड्क्षनग' सॉफ्टवेयर में आपकी बातचीत में आसानी से बदलाव लाकर, आपकी आवाज की नकल या 'वॉयस क्लोनिंनग' कर लेते हैं। मतलब आपकी ही आवाज में बातचीत का विषय बदल देते हैं। इन साइबर ठगों के पास आपके करीबी रिश्तेदारों के नंबर होना कोई बड़ी बात नहीं है। इसी के चलते वे 'वॉयस क्लोड्क्षनग' की मदद से आपकी नकली आवाज के जरिए स्कैम करने में कामयाब हो रहे हैं। इसलिए आप सभी के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है।

पहला, यदि आपको किसी अंजान नम्बर से ऐसा 'वॉयस क्लोनिंग' वाला फोन आए तो पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आपके जिस रिश्तेदार के बारे में बात की जा रही है, क्या वह उसी की आवाज है? दूसरा, किसी न किसी बहाने से फोन को काट कर अपने उसी रिश्तेदार को फोन कर उससे बात अवश्य करें। तीसरा, यदि कोई भी खुद को पुलिस अधिकारी बताता है तो पहले उस व्यक्ति का पूरा परिचय मांग लें और आधिकारिक फोन नंबर मांग लें। यदि संभव हो तो फौरन उसके दिए परिचय की पुष्टि भी कर लें।

कभी भी अंजान नम्बर से आने वाली कॉल, खासकर जिस नम्बर से पहले 92 लगा हो उसे न उठाएं। कॉल करने वाले के लाख कहने पर भी उनकी बातों में न आएं। अपने बैंक खाते या अन्य जरूरी जानकारी को कभी शेयर न करें। ऐसे नंबरों को तुरंत 'ब्लॉक' करें। जैसे ही यह पता चले कि आपके साथ ठगी हो सकती है या आप इनके शिकार हो चुके हैं तो पुलिस को इसकी जानकारी तुरंत दें। आप सचेत रहेंगे तभी तो सुरक्षित रहेंगे।

# पड़ोसी नेपाल के बदलते स्वर



—पुष्परंजन—



'एक सिंगा गेंडा' नेपाल का राष्ट्रीय पशु है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 23 सितंबर, 2023 को अपनी चीन यात्रा में दो गेंडे साथ लेते गये थे। चीन इस गिफ्ट से गद्गद था। तब यह सुनिश्चित हुआ कि प्रचंड 'गेंडा कूटनीति' को आगे भी मजबूत करते रहेंगे। ट्रेड—ट्रांजिट, ऊर्जा व बीआरआई जैसे समझौतों को आप उभयपक्षीय उदाहरण के रूप में ले सकते हैं। चीनी दूतावास ने 14 जनवरी, 2024 को काठमांडो में पहली बार चीनी चंद्र नववर्ष समारोह का आयोजन किया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री प्रचंड ने किया था। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने चीनी कलाबाजी और जादू का प्रदर्शन किया था। इसके दस दिन बाद चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसीआईडी) के अंतर्राष्ट्रीय विभाग में उपमंत्री सुन हैयान ने 26 जनवरी, 2024 को नेपाल का दौरा किया था। चीनी जादू के साथ—साथ प्रचंड की गेंडा नीति को समझने के लिए इस संदर्भ की जरूरत है।

आप जितनी मर्जी प्रचंड की आलोचना करें। वो वज्रचर्मा हैं। लोगों की बातों और निंदा का असर प्रचंड पर नहीं होता। नेपाल में भारत की तरह द्विसदनात्मक व्यवस्था है। 59 सदस्यीय ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' (नेशनल असेंबली) में मंगलवार को वोटिंग के जरिये प्रचंड ने अपने भाई नारायण दाहाल को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित करा दिया। नेशनल असेंबली में स्पीकर पद के लिए मंगलवार को हुए मतदान में नारायण दाहाल को ओली की नेकपा—एमाले और माओवादी सेंटर समेत पांच पार्टियों ने समर्थन दिया था। उसके अगले दिन बुधवार को प्रचंड 275 सदस्यीय निचले सदन 'प्रतिनिधि सभा' में विश्वास मत जीत गये।

संसद में विश्वासमत वाली सुबह प्रचंड से चीनी राजदूत छन सोंग बलुआटार स्थित पीएम आवास पर मिले। प्रचंड के लिए वोट करने वाले नेकपा—एमाले के 75, माओवादी सेंटर के 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21, जनता समाजवादी पार्टी के 12, यूनिफाइड सोशलिस्ट के 10, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 4, आम जनता पार्टी के प्रभु साह के साथ—साथ निर्दलीय अमरेश कुमार सिंह और योगेन्द्र मंडल भी शामिल हैं। प्रचंड को समर्थन देने वालों में आम जनता पार्टी नेपाल के साथ—साथ निर्दलीय सांसद अमरेश कुमार सिंह और योगेन्द्र मंडल भी शामिल हैं। प्रचंड के खिलाफ मतदान करने वालों में नेपाली कांग्रेस के 87 सांसद, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के 13, जनमत पार्टी के 5, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के 4 और राष्ट्रीय जनमोर्चा के एक विधायक शामिल थे। विश्वास प्रस्ताव के समय नेपाल वर्कर्स एंड पीजेंट्स पार्टी के प्रेम सुवाल मतदान से अनुपस्थित रहे।

**इस हफ्ते जो कुछ नेपाल की राजनीति में घटित हुआ, उससे एक बात तो स्पष्ट है कि प्रचंड को सत्ता में बने रहने की भूख सबसे अधिक है, जिसका फायदा केपी शर्मा ओली जैसे कुटिल नेता उठा रहे हैं। ओली को प्रचंड के रूप में एक कठपुतली मिल चुका है। जो ओली कभी प्रचंड के परिवार वालों को पचा नहीं पाये, अब उनसे कोई परेशानी नहीं हो रही है। 14 अगस्त, 2022 को केपी शर्मा ओली ने प्रचंड पर कटाक्ष किया था, 'मेरा छोटा भाई अभी भी जमीन जोतता है। क्या मैंने उसे राजदूत बनाया? अगर मेरा इरादा अपने भाई को राजदूत बनाने का होता तो शायद मैं ऐसा कर सकता था।' ओली ने पत्रकारों से पूछा था, क्या आपने मेरे भाई को राजदूत बनने, या किसी समिति में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करते हुए सुना है?**

यूएमएल के चेयरमैन ओली से अब कोई पूछे प्रचंड के भाई—भतीजावाद पर इतनी आपत्ति रही थी, तो आज क्या हुआ कि नारायण दाहाल को उनकी पार्टी उच्च सदन में स्पीकर पद के लिए समर्थन दे रही थी? ओली दरअसल, प्रचंड को इस कदर कमजोर, सत्ता लोभी और परिवार लोलुप साबित कर देना चाहते हैं कि एक समय के बाद नेपाल की जनता उनसे घृणा करने लगे। अस्सी के दशक में नेपाल के अकादमिक सर्किल में 'प्रचंड पथ' की खूब चर्चा होती थी। अलग—अलग लोग, 'प्रचंड पथ' की व्याख्या भी अलग—अलग। पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के शैदाई कहते थे, 'मार्क्स—लेनिनवाद, माओ और पेरूवियन गुरिल्ला लीडर गोंजालो की विचारधारा का कॉकटेल है, 'प्रचंड पथ'।

लेकिन आज की तारीखध में प्रचंड पथ की साधारण व्याख्या यह है कि अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करना और परिवार वालों को राजनीति में सेटल करने का दूसरा नाम है 'प्रचंड पथ'। 25 दिसंबर, 2022 को प्रचंड तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजे थे। प्रचंड ने जितनी तेजी से गठबंधन को बदलने का उदाहरण पेश किया है, नेपाल के विश्लेषक उसकी तुलना नीतीश की पलटूमार पॉलिटिक्स से कर सकते हैं। लेकिन इसकी समीक्षा करनी चाहिए 'प्रचंड पथ' में परिवार को गद्दी देने की गुंजाइश है? ऐसा तो नहीं, कि केरल के मुख्यमंत्री कामरेड पिनराई विजयन से प्रचंड ने प्रेरणा ली हो? मई, 2021 में पिनराई विजयन ने अपने दामाद मोहम्मद रियाज को कैबिनेट में जैसे जगह दी, माकपा पर सवाल उठने लगे।

प्रचंड ने प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पुत्री गंगा दाहाल को जिस तरह आगे बढ़ाने की कवायद आरंभ की है, वह सत्ता के गलियारे में चर्चा का विषय है। दूसरी बेटी रेणु दाहाल की राजनीति चितवन में सलामत रहे, चुनांचे रबि लामिछाने से समझौते की विवशता है। 11 दिसंबर, 2024 को प्रचंड 72 साल के हो जाएंगे। पत्नी सीता दाहाल, बेटा प्रकाश दाहाल और बेटी ज्ञानू केसी की मृत्यु हो चुकी। दो बेटियां रेणु और गंगा विरासत संभाल लें, इसकी चिंता सताती रही है।

चेयरमैन ओली की सबसे बड़ी कमजोरी थी, पूर्व राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी। उस कमजोरी से भी उन्होंने मुक्ति पा ली। पत्नी राधिका शाक्य को ओली ने कोई ऐसा पद नहीं दिया कि कोई उनकी निंदा करे। 'बाल न बच्चा, नींद पड़े अच्छा' के सनातन सिद्धांत पर चलते हैं ओली। पांचवीं पास ओली प्रचंड को इस तरह घुमा देंगे, इसे देखकर नेपाली कांग्रेस के रणनीतिकार भी हतप्रभ हो गये। ओली ने बयान दिया कि जो कुछ हुआ, उसमें चीन का कोई रोल नहीं है। मगर, ओली की सत्ता जब गई थी, पानी पी पीकर भारत को कोसा था। भारत से बदला लेने तक का संकल्प ओली ने कर लिया था।

प्रचंड ने रबि लामिछाने, रघुबीर महासेठ, नारायण काजी श्रेष्ठ और उपेन्द्र यादव जैसे जिन लोगों को उपप्रधानमंत्री बनाया है, वह कब उनके लिए कालनेमी साबित होंगे, उसका इंतजार सभी को रहेगा। यों, इस दुरभिसंधि की एक्सपायरी डेट 2024 में ही है। लेकिन क्या प्रधानमंत्री प्रचंड को 21 मार्च, 2007 की काली रात याद है, जब उन्हीं की पार्टी के 27 कार्यकर्ताओं की हत्या रौतहट जिले के गौर में की गई थी? उसकी जांच पूरी नहीं हुई है। मधेशी जनाधिकार फोरम के नेता थे उपेन्द्र यादव तब, उन्हीं पर इस हत्याकांड का आरोप लगा था। 10 मार्च को उपेन्द्र यादव ने उपप्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। स्वार्थ में डूबे प्रचंड माओवादी कामरेडों के भी सगे नहीं निकले।—लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# चुनावी वायदों का सच




इंटरनैट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विभिन्न विषयों पर उभरने वाले वीडियो की भरमार है, ऐसे बहुत कम वीडियो हैं जो आपको विचारोत्तेजक लगते हैं और आपको चौंका देते हैं। ऐसा ही एक वीडियो हाल ही में एक कुली द्वारा एक छोटे मीडिया आऊटलैट को दी गई प्रतिक्रिया का था। सामान्य कुली की लाल शर्ट पहने हुए व्यक्ति के साथ यह वीडियो किसी नाटक का नहीं लग रहा था।

कुली से प्रधानमंत्री की हालिया घोषणा के संबंध में एक सवाल पूछा गया था कि मुफ्त राशन योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के अनुमानित 80 करोड़ लाभार्थी हैं जो हमारी आबादी के आधे से थोड़ा कम है। कुली ने एक उचित मुद्दा उठाया। उसने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी आजादी के 75 साल बाद भी इतनी बड़ी आबादी को मुफ्त राशन देना पड़ रहा है।

यह आबादी को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए काफी लंबी अवधि थी, ताकि उन्हें जीवित रहने के लिए मुफ्त राशन पर निर्भर न रहना पड़े। उसने इस स्थिति के लिए किसी विशेष सरकार या पार्टी को दोषी नहीं ठहराया लेकिन वह स्पष्ट रूप से सच कह रहा था। और फिर उसने एक और महत्वपूर्ण बात कही। उसने कहा कि यह भी उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस योजना को 5 साल तक बढ़ाना पड़ा क्योंकि ऐसा लगता है कि सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि वह अगले 5 वर्षों में ऐसा करने में सक्षम नहीं होगी। उसने आगे कहा कि शायद प्रधानमंत्री को यह घोषणा करनी चाहिए थी कि मुफ्त राशन देने की कोई आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएंगे जब उन्हें जीवित रहने के लिए मुफ्त राशन की आवश्यकता नहीं होगी।

कम से कम इतना तो किया ही जा सकता है कि अधिक नौकरियां और अन्य अवसर पैदा करके ऐसे लाभार्थियों की संख्या कम की जाए। वास्तव में इसकी आवश्यकता है और यह हमारे समाज और राष्ट्र पर एक खराब प्रतिबिम्ब है कि हम गरीबों के जीवन स्तर में सुधार करने में विफल रहे हैं। जैसा कि कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है।

महत्वपूर्ण आम चुनावों के करीब आने के साथ, राजनीतिक दल सामाजिक कल्याण उपायों की आड़ में सभी प्रकार की मुफ्त सुविधाओं की घोषणा कर रहे हैं। यह कोई नई घटना नहीं है लेकिन हर चुनाव के साथ ऐसी गतिविधियों का दायरा और आकार बढ़ता जा रहा है। जबकि सभी प्रमुख दल 'रेवड़ी संस्कृति' के पक्ष में हैं, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार इसका वर्णन किया था। विडंबना यह है कि भारतीय जनता पार्टी निश्चित रूप से ऐसे मुफ्त उपहारों की घोषणा करने में अन्य दलों से आगे है। इसका बड़ा कारण जाहिर तौर पर यह है कि वह केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी है। सरकार उपायों की घोषणा कर सकती है जबकि अन्य पार्टियां केवल वायदे कर सकती हैं।

इसी तरह दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1000 रुपए मासिक भुगतान की घोषणा की। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने एक कदम आगे बढ़कर सभी व्यस्क महिलाओं के लिए 1500 रुपए मासिक भुगतान की घोषणा की। आय या नौकरियों के आधार पर कोई अपवाद नहीं है। इसलिए सम्पन्न महिलाएं भी भुगतान का लाभ उठा सकती हैं। दक्षिणी राज्यों में राजनीतिक दल भी सामाजिक कल्याण की आड़ में मुफ्त सुविधाएं देने में उदार रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने भी राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव से पहले चांद का वायदा करने और मतदाताओं से कई तरह के वायदों की घोषणा करने पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। इसने चुनाव आयोग से राजनीतिक दलों पर दमनात्मक तरीकों से लगाम लगाने के तरीके खोजने को कहा था। हालांकि, चुनाव आयोग ने यह कहते हुए इस मुद्दे में शामिल होने से इंकार कर दिया कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों और नेताओं के प्रतिस्पर्धी वायदों पर निर्णय लेना विधायिका का काम है।

इस सवाल पर कि क्या विभिन्न प्रकार की सबसिडी और कल्याणकारी योजनाओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए, इसका जवाब जोरदार नहीं है। देश में आध्थक और सामाजिक विकास के मामले में असमानताओं को देखते हुए, नागरिकों की किस्मत में बड़ा अंतर है। विभिन्न कारकों को देखते हुए, देश सभी सबसिडी और कल्याणकारी योजनाओं को समाप्त करके न्याय नहीं कर सकता है।

—विपिन पब्बी

# सीएम योगी ने बलरामपुर–श्रावस्ती के लिए खोला खजाना, 2 हजार करोड़ की सौगातें, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की रखी नींव



**संवाददाता–बलरामपुर।** जिस बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय की बात कभी कल्पना थी, हम आज उसे साकार करने जा रहे हैं। मां पाटेश्वरी की कृपा, भगवान श्रीराम के पुत्र लव की राजधानी, बुद्ध की तपोभूमि और महाराजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम की भूमि के सौंदर्य को चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने कुंद करने का कार्य किया था। हम सब इसी संकल्प के साथ सत्ता में आए हैं कि राजनीति का अपराधीकरण हर्गिज नहीं होने देंगे, जो भी हमारे नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा उसको उसकी कीमत चुकानी पड़गी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर में कोइलरा स्थित मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन समारोह के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने बलरामपुर की द1,488.89 करोड़ की 466 विकास परियोजनाओं और श्रावस्ती की द260.37 करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी लाने का प्रयास हो रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां मां पाटेश्वरी की कृपा पूरे क्षेत्र में बरसती है। भारत और नेपाल के श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने आते हैं। श्रावस्ती को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र लव ने अपनी राजधानी बनाया था। यही नहीं श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने चातुर्मास व्यतीत किया था। दसवीं ग्यारहवीं सदी में अपने शौर्य और पराक्रम से भारत की स्वाधीनता और स्वाभिमान को बनाए रखने वाले महाराज सुहेलदेव यहीं के राजा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं को रौंदने का कार्य किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम के विराजमान होने के गौरवमयी क्षण के हम हाल ही में साक्षी बने हैं, उसके लिए 1949 से रामजन्म भूमि आंदोलन की शुरुआत इसी बलरामपुर की धरती से हुई थी। यहां लिया गया हर संकल्प अवश्य पूरा होता है। यहां राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख ने अपनी साधना से एक पहचान पाई थी। इसी धरती से अटल जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। ये धरती पहले से ही प्रकृति और परमात्मा की कृपा की धरती रही है, लेकिन चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने इस धरती के सौंदर्य को कुंद करने का कार्य किया था। राजनीति का अपराधीकरण इस पूरी व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि देवी पाटन मंडल में कभी मेडिकल कॉलेज होंगे, विश्वविद्यालय और एयरपोर्ट होंगे। उन्होंने बताया कि आज यहां 350 बेड वाले अस्पताल का उद्घाटन किया गया है। अगले वर्ष तक बलरामपुर जिले को मेडिकल कॉलेज भी हम देने जा रहे हैं। श्रावस्ती को एयरपोर्ट मिल चुका है। बलरामपुर में विश्वविद्यालय कभी कल्पना थी, अब वो भी साकार हो रही है। इस कमिश्नरी के चार जनपदों में तीन मेडिकल कॉलेज हैं, दो बन चुके और तीसरे का उद्घाटन आज हो रहा है। एक एयरपोर्ट और एक विश्वविद्यालय भी यहां हैं। साथ ही सरयू नगर राष्ट्रीय परियोजना जो चार दशकों से लटकी हुई थी उसका भी प्रधानमंत्री मोदी ने लोकार्पण कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सबसे खराब सड़कें इसी देवीपाटन मंडल की हुआ करती थीं। तब गोंडा से देवीपाटन मंदिर पहुंचने में 4 घंटे लगते थे आज ये दूरी 45 मिनट में पूरी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब सरकार की नियत साफ होती है तो विकास स्पीड पकड़ने लगती है और बिना भेदभाव के गरीबों को शासन की सुविधाओं का लाभ मिलता है। सीएम ने बताया कि 2017 में यहां बाढ़ आई थी। उस वक्त जिला मुख्यालय श्रावस्ती और बलरामपुर बाढ़ के पानी से भरा हुआ था। मगर हमने बाढ़ की समस्या का स्थाई समाधान किया। नदी की ड्रेजिंग कराई गई, परिणाम ये हुआ कि 2017 के बाद यहां के जिला मुख्यालय पर कभी बाढ़ का पानी नहीं आया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली के पहले हम यहां अपके भविष्य के लिए उपहार लेकर आए हैं। इससे आने वाली कई पीढ़ियां बनेंगी। यहां बन रहे विश्वविद्यालय में परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ ही रोजगार परक पाठ्यक्रम भी चलेंगे। बच्चों को तकनीकि दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विकास अब केवल दिल्ली तक नहीं, गांव–गांव के लिए होगा। हमारे नगरीय निकाय आत्मनिर्भर बनेंगे। ये सब आपके एक वोट की ताकत से होगा। वोट की ही ताकत है जिससे बेटी और व्यापारी की सुरक्षा हो रही है, नये उद्योग लग रहे हैं, आस्था का सम्मान और अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। पहले गरीबों के हक पर डकैती पड़ती थी, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, विकास की योजनाएं माफिया चट कर जाते थे। आस्था के नाम पर खिलवाड़ होता था और राम का नाम लो तो लाठी और गोली चलाई जाती थी। सीएम योगी ने कहा कि आज विकसित भारत का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य के लिए पहले हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना होगा, जहां अच्छी शिक्षा, अच्छी स्वस्थ्य सुविधाएं, रोजगार के अवसर, उद्योग धंधे, खुशहाल किसान, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा आवश्यक है। यूपी को विकसित बनाना है तो बलरामपुर और श्रावस्ती को भी विकसित बनना होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, रहनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्र, विधायक पलटू राम, रामप्रताप वर्मा शशिकांतश, कैलाश नाथ शुक्ल, राम फेरन पांडेय, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह श्मंजूश, पद्मसेन चौधरी, डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी और साकेत मिश्र सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

केजीएमयू, लखनऊ के सैटेलाइट सेंटर अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालयश में 300 बेडेड चिकित्सालय (फेस–1), हरिहरगंज–ललिया बनकटवा मार्ग (लंबाई–31 किमी) का चौड़ीकरण एवं सुहदीकरण, बहराइच–सिरसिया–गुलसीपुर–गुलरिहा राजमार्ग संख्या–158 के चौनेज 69. 05 से 85.00 तक का चौड़ीकरण एवं सुहड़ीकरण, महाराजगंज–ललिया मार्ग के अवशेष भाग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, पूर्वांचल विकास निधि ा योजना के अंतर्गत 15 संपर्क मार्ग, घुघुलपुर में राजकीय पॉलिटेक्निक भवन 83 संपर्क भागों का विशेष मरम्मत कार्य, बाढ़ नियंत्रण की विभिन्न परियोजनाएं, सादुल्लाह नगर, गौरा चौराहा, तुलसीपुर एवं उत्तरौला थाने में हॉस्टलध्बैरक एवं विवेचना कक्ष, श्रावस्ती में जनपद कारागार, भंगहा में 50 बेड का फील्ड हॉस्पिटल, जमुनहा में राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में राजकीय इंटर कॉलेज, कोटवा खास, शिवबालकपुरवा, शिवालापुर, साईपुरवा, रंकीपुरवा, बासुदरीपुरवा (बनवारीपुरवा), दौंती एवं ओबी संपर्क मार्ग का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया।

एनएच–330 के किमी–223 से एनएच–730 के किमी–328 तक के मध्य मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, गैडासबुजुर्ग, गैसड़ी एवं बलरामपुर में एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास, पूर्वांचल विकास निधि योजना के अंतर्गत 33 सड़कों का निर्माण, नाबार्ड के अंतर्गत 12 सड़कों का निर्माण, बुईतापुर आहादडीह नैकिनिया मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़िकरण, अनुरक्षण निधि से 59 संपर्क मार्गों की मरम्मत, निवर्तन के अंतर्गत 48 संपर्क मार्गों की विशेष मरम्मत, राज्य सड़क निधि योजनांतर्गत 48 संपर्क मार्ग, अनुसूचित जनजाति छात्रावास में अतिरिक भवन, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्याल, सेखुईकला में ट्रांजिट होस्टान, श्रावस्ती में खुर्शीद नाला से पूरे वाया होरी कला मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौनेज 0. 000 से 7.000 तक (लंबाई–7 किमी) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, कटरा–लालबोझी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौनेज–0.000 से 17.200 तक का 7 मीटर में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़िकरण, सेमगढ़ा एवं मोतीपुर में गोसंरक्षण केंद्र, मदारा में राजकीय पौधशाला, श्रावस्ती कृषि विज्ञान केंद्र का भवन, श्रावस्ती में जनपदीय ड्रग हाउस, श्रावस्ती पुलिस लाइन में 100 क्षमता का हॉस्टल/बैरक का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया।

# अबीर गुलाल इत्र से सुगंधित हुआ श्री लालसाहब दरबार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**


अयोध्या। भगवान श्री राम की राजधानी अयोध्या में फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि से होली का रंग चटक होने लगा मंदिरों में धीरे–धीरे होली का रंग छाने लगा और अयोध्या के मंदिरों में प्रभु श्री राम और माता सीता सहित सभी भाइयों होली गीत सुनाये जाने लगे। सबसे पहले ठाकुर जी को अबीर गुलाल के साथ सुगन्धित इत्र लगाया जाता है पुष्पन और इत्रों की महक से मंदिर परिसर में सुगंधित वातावरण छा जाता है और लोग बरबस इस इस अनुपम छटा और सुगंधि से मंत्रमुग्ध हो। वैसे तो अयोध्या में होली उत्सव का चर्मोत्कर्ष रंगभरी एकादशी से प्रारंभ होता है लेकिन कई स्थानों पर पंचमी तिथि से ही रंगोत्सव प्रारंभ हो जाता है।

कनक भवन परिसर में विराजमान श्री लाल साहब दरबार में मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामनरेश शरण महाराज के संयोजन में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को श्री लाल साहब सरकार को अबीर गुलाल के साथ पुष्पों की होली खोली गई



ठाकुरजी को इत्र लगाया गया और पद गायन के आचार्य ने लाल साहब सरकार को अनुपम पद सुनाएं। रंगोत्सव का ऐसा अनुपमदृश्य देख कर सैकड़ो की संख्या में भक्ति मंत्र मुक्त हो गए सभी को गुलाल लगाया गया। जहां रंग और वर्तमान समय में लोग परहेज करते हैं वही मंदिर परिसर में आए हुए भक्त ठाकुरजी के लगाएं हुए गुल लगाने के लिए स्वयं आतुर दिखे। महंत राम नरेश शरण महाराज ने बताया सरकार के दरबार में रंगोत्सव की परंपरा अतिप्राचीन है मुझे मेरे गुरुदेव भगवान से जो परंपराएं मिली थी उसको इस तरीके से ठाकुर जी की कृपा से मनाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि ठाकुरजी भाव के प्रेमी है और हमारे लाल साहब सरकार को प्रत्येक उत्सव में आनंद प्राप्त होता है इसीलिए उत्सव का अपना अलग महत्व है क्योंकि उसे समय हम अपने सरकार को अपना सर्वस्व भाव के रूप में अर्पण कर देते हैं। उन्होंने संदेश भी दिया की होली प्रेम का त्यौहार है और सबसे अधिक प्रेम रस इसी त्यौहार में प्रदर्शित होता है इसलिए सबको प्रेम भाव से ठाकुर जी के साथ साथ सभी के साथ प्रेम भाव से होली खेलनी चाहिए।

# विश्वविराट विजय राघव सरकार का मनाया गया 17 वां पाटोत्सव



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**


अयोध्या। अयोध्या के हर घर में मंदिर है यह हम यूं कहें की हर घर मंदिर है तो गलत नहीं होगा। लेकिन वासुदेव घाट स्थित नई छावनी में विश्व विराट विजय राघव सरकार का एक ऐसा मंदिर है जो अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अकेला है जिस जिसकी स्थापना 2008 में सिद्ध बाबा महामंडलेश्वर महंत नरसिंह दास महाराज ने किया और आज फागुन शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को 17 वां पाटोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात्रि में ठाकुर जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया अखंड सीताराम नाम संकीर्तन के साथ उत्सव का शुभारंभ हुआ आरती पूजन के बाद सनातन वैष्णव परंपरा के अनुसार संतों का बृहद भंडारा किया गया। महंत नरसिंह दास महाराज ने बताया कि प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं और सभी को सत्य पर चलना होगा विश्व विराट विजय राघव मंदिर सत्य का प्रतीक है माता कौशल्या ने जो रूप प्रभु का देखा था वही मंदिर में विराजमान है और सबका कल्याण करते हैं। श्री महाराज जी के शिष्य महामंडलेश्वर महावीर दास महाराज ने पाटोत्सव पर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि 2008 में विश्व विराट विजय राघव सरकार की स्थापना हुई और इस वर्ष 17 वां उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें पूरे भारत के कोने–कोने से संत भक्ति मंदिर में पधारे हैं और ठाकुर जी का भव्य उत्सव मना रहे हैं। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में संतों महंतों और भक्तों ने सरकार के दर्शन किए और प्रसाद पाये।

# रमजान के पहले जुमा पर रोजेदारों ने मांगी दुआ

**संवाददाता–गोण्डा।** रमजान के पहले जुमे की नमाज जिले की सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने सजदे में सिर झुकाया। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में काफी संख्या में अकीदतमंदों ने मुल्क की सलामती, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

मस्जिदों में साफ–सफाई हुई और साढ़े 12 बजे से नमाजियों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। लोगों को मस्जिदों में दीन की बातें बताई गईं। मनिहारान मस्जिद में मौलाना अजीमुल्लाह ने नमाज से पहले रमजान माह की फजीलत बयान की। वही शिया जामा मस्जिद के इमाम–ए–जुमा मौलाना मुंतशिर हुसैन ने जुमें की नमाज के दौरान खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह, ईश्वर का शुकराना अदा करते हुए आज हम रमजान उल मुबारक का इस्तकबाल कर रहे हैं। सबको इसके हुकूक को पहचान कर उन्हें हर कीमत पर अदा करना है। इस मुबारक महीने का सबसे पहला हक यह है कि हम इस महीने की ताजीम व एहतेराम का पूरा खयाल रखें। नगर की मीनाइया मस्जिद, फुरकानिया, चौक मस्जिद, मरकज मनिहारान मस्जिद, शिया अंजुमन जामा मस्जिद, तकिया मस्जिद, अंसारी मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई।

# श्री नाम कांति, श्रीधाम कांति का पाठ से गूंजायमान हुआ श्री लक्ष्मण किला



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। श्रीधाम अयोध्या के रसिक परंपरा की आचार्य पीठ श्री लक्ष्मण किला संतों की तपोस्थली है यहां अनेकों सिद्ध संत हुए हैं जिन्होंने अपने तप तपस्या और त्याग के बल पर धर्म ध्वज को अयोध्या भारत नहीं बल्कि विश्व में स्थापित किया है। रसिक परंपरा में किशोरी जी की उपासना की प्रधानता है। रसिक परंपरा के संत अपने आप को माता जानकी जी के सखी के रूप में मानते है। लक्ष्मण किला रसिक परंपरा के साथ मां सरयू के पावन तट पर विराजमान है जहां निरंतर माता सरयू का कल कल नाथ सुनाई देता है इसलिए यहां बैठकर संत अपनी साधना निरंतर करते रहते हैं। इसी परंपरा में आचार्य स्वामी श्री सीताराम शरण महाराज श्री लक्ष्मणकिला धीस सरकार हुए थे जिनकी प्रसिद्ध भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कोने–कोने में थी और लाखों की संख्या में उनके शिष्य उनको सुनाने के लिए आतुर रहते थे श्री महाराज जी के 26 वी पुण्यतिथि के पावन अवसर पर श्री लक्ष्मण किला के संस्थापक रसिकाचार्य स्वामी श्री युगलानन्य शरण महाराज के द्वारा रचित श्रीनाम कांति श्री धाम कांति श्री संत विनय सतक आचार्य वाणी आदि अनेकानेक ग्रंथों का पाठ नित्य 13 मार्च से प्रारंभ हो गया है जो 17 मार्च तक चलेगा 18 मार्च को वृहद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

श्री लक्ष्मण किला धीश मैथिलीरमण शरण महाराज ने बताया कि श्री महाराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुदेव भगवान द्वारा रचित श्री नाम कांति श्रीधाम कांति का पाठ किया जा रहा है जिसमें सत्यलोक अविशोक ओक जहं रोक टोक जग नाहीं।चहूं ओर सुख शोर जोर चित जगमग जोत लखाहीं।।थिर चर जिते तिते प्रीतम रस प्यार पगे मन माहीं।श्री युगलानन्यशरण कुंजन प्रति लसत कलपद्रुम छाहीं।।श्री अवध का एक नाम सत्यलोक है जहां शोक रहित स्थान है एवं किसी के लिए रोक–टोक नहीं है चारों ओर सुख का ही शोर है जहां सभी सुखी है परम प्रकाशमय ज्योति चित में प्रकाशित होती है यहां जितने भी जड़ चेतन है उन सबका मन प्रियतम के प्रेम रस सागर में डूबा रहता है। श्री लक्ष्मण किला धीश महाराज के सानिध्य में अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण के संयोजन में आचार्य श्री सीताकांत शरण जी महाराज और उनके सहयोगियों द्वारा नित्य गायन साइन 4 बजे से 7 तक किया जा रहा है।

# डेढ़ करोड़ से बनेगी कान्हा गोशाला, पूजन के साथ शिलान्यास



**संवाददाता–महराजगंज।** नगर पंचायत पनियरा और क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। छुट्टा पशुओं से उन्हें परेशानी नही होगी। इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। छुट्टा पशुओं को रहने के लिए रामनगर में कान्हा गोशाला बन रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंद्र जायसवाल ने वैदिक मंत्रों के बीच नींव रखीं।

ईओ कनुप्रिया शाही ने कहा कि छुट्टा पशुओं से शहर में जाम की समस्या होने के साथ ही किसानों का फसल बर्बाद हो रहा है। जाम की समस्या दूर करने के साथ की किसानों की फसल को बचाने के लिए 1 करोड़ 50 लाख की लागत से गोशाला निर्माण कराया जा रहा है। नगर पंचायत के कर्मचारी छुट्टा पशुओं को लाकर गोशाला में रखेंगे। पशुओं को दाना चारा देने के साथ ही उनकी देखरेख करेंगे।

इस मौके पर अजय सिंह, अनूप निषाद, सुनील, प्रिंस, अनिल राजभर, राजेश गुप्ता, हेमंत कुमार, बृजेश जायसवाल, सुशील सिंह और सत्यम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नई शिक्षा नीति से कीर्तिमान स्थापित करेंगे विद्यार्थी –राजेश जायसवाल

**संवाददाता–महराजगंज।** हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन फरेंदा में बीईओ अगनीत के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत आनंदनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने किया। सीडीपीओ फरेंदा सीडीपीओ रीता मणि त्रिपाठी, हाजी गौस आजम, आनंदपाल गौतम, डॉ. कैलाश नाथ मौर्या,विजय प्रताप पांडेय, प्रदुम्न सिंह, हर्षित त्रिपाठी, लालजी, अवधेश वर्मा, नवीन कुमार, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, दुर्गेश पांडेय, संजय कुशवाहा, अरविंद गौड़, बेचू विश्वकर्मा, सुशील सिंह, दीपक गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, रितेश राय, विशाल द्विवेदी, बृहस्पति मिश्रा, कृष्ण कुमार मौर्य, इंद्रजीत यादव, बलराम यादव आदि मौजूद रहे।



भगवानपुर संवाद के अनुसार नौतनवा ब्लाक के रतनपुर सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी चन्दभूषण पांडेय के नेतृत्व में स्कूल रेडीनेस के शिक्षक, निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, छात्र–छात्राएं व कार्यकर्त्रियों ने जानकारी हासिल की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के बाल वाटिका से लेकर कक्षा तीन के शैक्षणिक लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानाध्यापक सुनीता त्रिपाठी, अशोक कुमार, रवि कुमार,गणेशपुर, नीरज पांडेय, विजय कुमार, शैलेंद्र नायक, शिखा जायसवाल, बलराम पांडेय को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीडीपीओ ब्रजेन्द्र जयसवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय मिश्रा, एआरपी अभिषेक पांडेय, संदीप वर्मा, विनय सिंह, मिथिलेश पांडेय, कमलानन शुक्ला, अंकुर सच्चर,अभिषेक रमन, शैलेंद्र नायक, रामनयन चौहान, सूर्यभान उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# डेंजर्स एडवेंचर्स की टीम के साथ ट्रैफिक पुलिस ने चालकों में बांटा फूल



**संवाददाता–महराजगंज।** डेंजर्स एडवेंचर्स अंतर्वेद भारत टीम के साथ ट्रैफिक पुलिस ने नगर के मुख्य चौराहा पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। डेंजर्स एडवेंचर्स टीम में शामिल पर्वतारोही जितेन्द्र प्रताप ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करने के लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने वाहन ड्राईविंग में ट्रैफिक रूल्स का पालन नहीं करने वाले चालकों को रोका। उन्हें गुलाब का फूल देकर नियमों के पालन का फायदा समझाया।

यातायात जागरूकता अभियान के ब्रांड अंबेसडर पर्वता रोही जितेन्द्र प्रताप के अलावा उनकी संस्था डेंजर्स एडवेंचर्स के सदस्य भी मौजूद रहे। जितेन्द्र प्रताप ने बताया कि वह माउंट एवरेस्ट समेत कई पर्वत पर चढ़ाई कर चुके हैं। पर्वतारोहण के अनुभवों को वाहन चालकों के साथ साझा करते हुए बताया कि चढ़ाई के कुछ नियम है। जिसकी अनदेखी सीधे मौत से परिचय कराती है। यातायात नियमों के पालन व ड्राइविंग के दौरान सीट–बेल्ट लगाने से जोखिम की अंदेशा कम हो जाती है। यातायात पुलिस प्रभारी अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस और डेंजर्स एडवेंचर्स अंतर्वेद भारत टीम के सदस्यों के साथ मिलकर सक्सेना चौराहे पर यातायात के नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया।

# राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने एफएलसी ओके मशीनों का निरीक्षण किया



**संवाददाता–महराजगंज।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को सकुशल शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए डीएम अनुनय झा ने एफएलसी ओके मशीनों का निरीक्षण किया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों के स्ट्रांग रूम को खोला गया। प्रतिनिधियों ने भी एफएलसी ओके मशीनों का अवलोकन किया। इस दौरान स्ट्रांग रूम खोलने से लेकर पुनः सील करने तक की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई।

जिलाधिकारी ने मशीनों के सुरक्षित परिवहन और उनके रखरखाव को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम प्रभारी एक्सईएन जल निगम को जरूरी निर्देश दिया। कहा कि ईवीएम मशीनों के संदर्भ में राजनीतिक दलों के साथ संवाद बनाए रखें। उन्होंने राजनीतिक दलों से भी सहयोग का अनुरोध किया। ईवीएम प्रभारी और एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन ने बताया कि चुनाव के लिए उपयोग के लिए आरक्षित एफएलसी ओके मशीन के तहत 3118 बीयू, सीयू 2502 और वीवीपैट मशीनों की संख्या 2716 है। जबकि ट्रेनिंग और जनजागरूकता के लिए 209 बीयू, सीयू और विविपैट आरक्षित रखे गए हैं। राजनीतिक दलों को ईवीएम मशीनों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया गया है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एक्सईएन जल निगम आसिफ हुसैन, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश के अलावा राजनैतिक दल भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खेत जोतते समय किसान की रोटावेटर से कटकर मौत

**संवाददाता–गोण्डा।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिल दहला देने वाली घटना घटी। अपना ही खेत जोतने गए एक युवा किसान की रोटावेटर से कटकर मौत हो गई। रोटावेटर की चपेट में आने के कारण किसान का शव कई हिस्सों में बंट गया। वहां पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उसने तड़प–तड़पकर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह कड़ी मशक्कत कर रोटावेटर में फंसे शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।

## पुलिस ने वापस कराए ठगी के 45 हजार रुपए

**संवाददाता–श्रावस्ती।** शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सक्रिय होकर एक व्यक्ति को ठगी के रुपए वापस कराए। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र राज किशोर ने 24 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने पुलिस को अवगत कराया था कि उसके बैंक खाते से 23 जनवरी को साइबर ठगों ने यूपीआई के जरिए तीन अलग अलग ट्रान्जैक्शन कर कुल 45 हजार रुपए निकाल लिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया और साइबर क्राइम पुलिस थाना श्रावस्ती की ओर से कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में 45 हजार रुपए की सम्पूर्ण धनराशि को वापस करा दिया गया। टीम में साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रहास मिश्रा, आरक्षी सूरज कुमार शामिल रहे।

# सुरक्षा, बंधुत्व के अपने मूलमंत्र को आत्मसात कर रही एसएसबी –मेघनाथ

**संवाददाता–बहराइच।** सीमावर्ती रमपुरवा मटेही लेपर्ड–डेन होम स्टे परिसर में शुक्रवार को मशरूम खेती प्रशिक्षण व बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसएसबी के उप कमांडेंट मेघनाथ राउत रहे। उन्होंने कहा कि एसएसबी अपने सुरक्षा व बंधुत्व के मूलमंत्र को आत्मसात कर सीमावर्ती ग्रामीणों को हर तरह से मदद कर रही है। जिसके तहत किसानों को मशरूम के बीज व खेल किट बांटे गए हैं। सशस्त्र सीमा बल 70वी वाहिनी लखीमपुर खीरी द्वित्तीय के कमांडेंट अतुल कारकी की पहल पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सुजौली क्षेत्र के गांव आम्बा, बर्दिया, विशुनापुर, फकीरपुरी, रमपुरवा, भरथापुर, मटेही, सुजौली गांव के 60 किसानों को उनके आर्थिक विकास को लेकर मशरूम के बीज वितरण किया गया। खेल के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए सात ग्राम प्रधानों को बॉलीवाल व कैरम बोर्ड वितरण किया गया। उप कमांडेंट मेघनाथ राउत ने कहा कि सीमा से सटे गांव के लोगों को आर्थिक विकास में मजबूती प्रदान करने कर लिए एसएसबी लगातार कार्य कर रही है। कृषि वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार, इंस्पेक्टर पुरषोत्तम लाल, ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता, मंगल थारू, मुजफ्फर सलमानी मौजूद रहे।

# गोरखपुर को 1878 करोड़ की सौगात, मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल चुका है। सुरक्षित और समृद्ध हुआ भारत, दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। दस वर्ष में यह विश्व की ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मतलब देश में हर व्यक्ति की आय कई गुना बढ़ जाएगी। तब जन कल्याण की हर योजना संतृप्तिकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। सीएम योगी शुक्रवार को दोपहर बाद मानबेला में गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई टाउनशिप राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी के साथ 25 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 51 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंच पर नया सवेरा में कियॉस्क पाने वाले स्ट्रीट वेंडर को आवंटन प्रमाण पत्र भी वितरित किए। जबकि मंचीय कार्यक्रम से पूर्व भूमिपूजन, विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे मुन्ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्प शविकसित उत्तर प्रदेशश से ही पूरा होगा। विकसित उत्तर प्रदेश के शविकसित गोरखपुरश जरूरी है। विकसित देश, प्रदेश और जनपद का मतलब है बिना भेदभाव सबको शासन की सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित होना। कहा कि जब सभी को सुविधाओं का लाभ मिलेगा तो सबके चेहरे पर खुशहाली आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से उच्च स्वर में शहमारा संकल्प विकसित भारतश का उद्घोष भी कराया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए कहा कि इस परियोजना से हर वर्ग को उसकी जरूरत के अनुसार आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा तो साथ ही यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार सभी जिलों में खेलो इंडिया सेंटर बना रही है तो उसी तरह प्रदेश सरकार खेलो यूपी सेंटर बना रही है। उन्होंने गोरखपुर की उपलब्धियों में खाद कारखाना, फोरलेन सड़कों, एम्स, रामगढ़ताल के साथ स्पोर्ट्स सिटी और नई टाउनशिप को जोड़ते हुए कहा कि जब यह प्रोजेक्ट पूरा होगा तो गोरखपुर की एक नई पहचान बन जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सिटी स्मार्ट बन रही है। अब हमारे युवा भी स्मार्ट बनेंगे। इसके लिए उन्होंने शहर के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने के लिए जीडीए के कार्यों की सराहना की। सीएम योगी ने 2014 में मानबेला में हुई नरेंद्र मोदी की जनसभा का स्मरण कराते हुए कहा कि तबकी सरकार ने खाद कारखाना परिसर में अनुमति नहीं दी। तब नागरिकों के सहयोग से इसी मैदान पर मोदी जी की ऐतिहासिक सभा हुई। उन्होंने पूर्व की सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि समाज को जाति में बांटने वाले, शोषण करने वाले, लोगों के सामने समस्या खड़ी करते थे। उन्होंने किसानों को मुआवजा देने में आनाकानी की। जबकि हम समस्या नहीं, समाधान पर विश्वास करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस समय पूरे देश मे एक ही स्वर है, फिर एक बार मोदी सरकार। सीएम ने लोगों से इस नारे का जोरदार उद्घोष भी कराया। समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल और महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया जबकि मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने लोकार्पण और शिलान्यास की परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में विधायक विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जीडीए ने 174 एकड़ में आवासीय टाउनशिप राप्तीनगर विस्तार तथा 33 एकड़ में स्पोर्ट्स सिटी का प्रोजेक्ट बनाया है। टाउनशिप में हर आयवर्ग की आवासीय जरूरतों के हिसाब से प्रावधान किए गए हैं। इसमें अल्प आयवर्ग के लिए 60 वर्गमीटर के 184 भूखंड, एमआईजी के 75 वर्गमीटर के 213 भूखंड, 200 से 250 वर्गमीटर के 345 और 250 वर्गमीटर के एचआईजी के 557 भूखंड होंगे। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस, एलआईजी के लिए बहुमंजिला भवन होगा। एमआईजी और एचआईजी श्रेणी के भवनों के लिए ग्रुप हाउसिंग के दो भूखंड, व्यावसायिक श्रेणी के 46 भूखंड, जनसुविधा दुकानों के लिए 7 भूखंड रहेंगे। स्कूल के लिए दो तथा हॉस्टल के लिए चार, क्लिनिक के लिए 5, हॉस्पिटल के लिए दो, होटल एवं मल्टीप्लेक्स के लिए एक–एक, भूखंड होंगे। प्रोजेक्ट में मल्टीलेवल पार्किंग, कम्युनिटी सेंटर, फायर स्टेशन, पुलिस चौकी और पार्क के लिए भी भूखंडों का प्रावधान किया गया है। जबकि स्पोर्ट्स सिटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम, फुटबाल ग्राउंड, टेनिस कोर्ट, कबड्डी मैदान, वॉलीबाल कोर्ट, एथलेटिक्स ट्रैक, मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और शूटिंग रेंज की व्यवस्था रहेगी।

# राप्ती नदी में नहाने गए तीन युवक डूबे, तीनों के शव हुए बरामद



**संवाददाता–गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव के तरफ राप्ती नदी में नहाने गए तीन युवक शुक्रवार को डूब गए। करीब दो घंटे की तलाश के बाद तीनों के शव को बरामद किया गया। मृतकों की पहचान आर्यन शर्मा, दिव्यांशु सिंह और शिवम पासवान के रूप में हुई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। सहजनवां नगर पंचायत के गाहासाड़ से सटे राप्ती नदी बहती है। शुक्रवार को सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास गीडा थाना क्षेत्र के गाहासाड़ निवासी नन्हे सिंह का 20 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु सिंह अपने मित्र धनश्याम नगरी पिपरा थाना सहजनवां निवासी 18 वर्षीय आर्यन शर्मा पुत्र विनय शर्मा तथा 19 वर्षीय शिवम पासवान पुत्र जयनाथ पासवान निवासी वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज थाना सहजनवां के साथ राप्ती नदी में नहाने के लिए निकले। तीन युवक नदी पर बने पीपा पुल को पार करके चिलुआताल थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव के तरफ चले गए और नदी में नहाने लगे। कुछ देर नहाने के दौरान अचानक आर्यन गहरे पानी में चला गया, जिसको बचाने के लिए दिव्यांशु और शिवम भी पहुंच गए। बचाने के बजाय तीनों एक साथ डूबने लगे तो शोर मचाने लगे। जबतक लोग कुछ समझते तबतक तीनों डूब गए। सूचना के बाद गोताखोर बुलाए गए और तलाश शुरू की गई। करीब ढ़ाई घंटे के बाद सबसे पहले आर्यन और उसके बाद दिव्यांशु सिंह व शिवम का शव नदी से बरामद किया गया। शव निकलते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गई।

# विकास भवन का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार




**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** विकास भवन स्थित डीडीओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक को रिश्वत लेते शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बीते दिनों निलंबित हुए सेक्रेटरी विनोद कुमार हाई कोर्ट से एक आदेश लेकर बहाली के लिए दौड़ रहे थे। आरोप है कि इसी मामले में वरिष्ठ सहायक वीरेंद्र सिंह ने रिश्वत मांगी थी। शुक्रवार को जनपद न्यायालय के निकट जैसे ही विनोद ने वीरेंद्र को 10 हजार रुपए दिए तभी अयोध्या से आई टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कर्मचारी को तत्काल अकबरपुर थाने ले जाया गया। वहां केस दर्ज करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

## मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को जागरूक किया

**संवाददाता–गोरखपुर।** महानगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिए नगर निगम की आईईसी टीम ने शुक्रवार को जागरूकता अभियान के क्रम में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम किए। इस कड़ी में कान्हा उपवन नगर के मुक्तेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आने वाले श्रद्धालुओं को गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करने और गीला कचरा कचरा से खाद बनाने के लिए प्रेरित किया। डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन के निर्धारित यूजर चार्ज प्रतिमाह जमा करने के लिए भी प्रेरित किया। लोगों से अपील किया कि अपने घर में अनुपयोगी पड़े उपकरण एवं वस्त्र आदि नगर निगम के नजदीकी थ्री आर सेंटर पर जमा करें।

# विरोधियों की सरकार होती तो न मंदिर बनता न राशन मिलता –सीएम योगी



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो भारत दुनिया के 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था। वह आज मोदी जी के नेतृत्व में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, भारत अगले तीन वर्षों में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी अर्थ व्यवस्था का मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय में काफी बढ़ोत्तरी होगी। देश की जीडीपी बढ़ेगी तो प्रदेश व जिलों की भी आय बढ़ जाएगी। घर–घर में खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां 1895 करोड़ की 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने आए थे। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी दिवस पर अमृत महोत्सव के अवसर पर विकसित भारत के लिए कहा था। हम सबका संकल्प होना चाहिए विकसित भारत। मुख्यमंत्री ने तीन बार लोगों से पूछा हमारा संकल्प, जवाब में लोगों ने कहा कि विकसित भारत। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है। विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित सिद्धार्थनगर का होना जरूरी है। विकसित सिद्धार्थनगर के लिए भाजपा आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने लोगों से सवाल किया कि ये जो गरीब को राशन मिल रहा है कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग दे पाते क्या? गरीब को जो रोजगार मिल रहा है, वह क्या कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग दे पाते? आज जो गरीबों को पांच लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है, वह क्या ये लोग दे पाते। सभी का उत्तर जनता ने नहीं कहकर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह लोग आपके सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते हैं। यह आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते हैं तो इन्हें सिर पर बिठाकर ढोने की आवश्यता भी नहीं है। होली के पूर्व लगभग 1900 करोड़ की परियोजनाओं के लिए सिद्धार्थनगर की जनता बधाई की पात्र है। आज हमारा भारत बदल चुका है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। पूरी दुनिया के अंदर कहीं भी भारतवासी जाता है तो वह सम्मान के साथ देखा जाता है। विकास की बड़ी–बड़ी योजनाएं आ रही हैं। कहीं हाईवे, कहीं रेलवे, कहीं एयरपोर्ट दिया जा रहा है। कहा कि चार साल से हर गरीब को फ्री में राशन, पांच लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा कवर हर गरीब को दिया जा रहा है। बेटी के जन्म से लेकर उसकी शादी तक के लिए सरकार तमाम योजनाएं चला रही है। आज बेटी को उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उसे आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। एक जिला एक उत्पाद के माध्यम से कालानमक को वैश्विक मान्यता मिली है।

सीएम योगी ने कहा कि इस नये भारत में नौजवानों के आजीविका भी है और आम नागरिक के आस्था का सम्मान भी है। हमने 500 वर्षों का इंतजार समाप्त किया न। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने लोगों से सवाल किया कि कितने लोग अयोध्या गए हैं। उत्तर में हजारों लोगों ने हाथ उठा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्धार्थनगर जनपद के काफी लोग जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी से लेकर 10 मार्च तक अयोध्या में एक करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। कल मैं अयोध्या में था। लाखों लोग आ रहे हैं। अब आप लोग भी जाइए। अयोध्या में दर्शन करके आइए। कहा कि सिद्धार्थनगर जनपद एक आकांक्षात्मक जनपद से उबर करके एक विकसित जनपद बन रहा है। सिद्धार्थनगर में बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसी गरीब को नहीं मिल पाता था। यह शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछड़ा था। यहां रोजगार नहीं था। यहां एक तरफ माफिया गरीब के हक को हड़पता था तो दूसरी तरफ मच्छर यहां की नौजवानी को बचपन में ही निगल जाता था। इस समस्या से पीड़ित जनपदों में सिद्धार्थनगर भी शामिल था। कहा, मैंने अपनी आंखों से पिछले 30 वर्षों में इंसेफेलाइटिस की महामारी से काल कवलित होते देखा है। बच्चों के जीवन को बचाने के लिए मैं सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ता था। उस समय इस मुद्दे पर विपक्ष में रहकर भी जगदंबिका पाल मेरे साथ थे। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। जगदंबिका पाल कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस की सरकार के विरुद्ध मेरा प्रस्ताव था और उस सदन में मासूमों को बचाने के जगदंबिका पाल अपनी ही सरकार के विरुद्ध खड़े होते थे। अब सिद्धार्थनगर इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ। इसका प्रमुख कारण है कि हमने मच्छर भी समाप्त किया। माफिया भी समाप्त किया और मच्छर व माफिया समाप्त होते हैं तो बीमारी भी समाप्त होती है। सिद्धार्थनगर अब बीमारू जिले की श्रेणी से उबर करके विकसित जनपदों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आज सुबह सिद्धार्थनगर की समीक्षा कर रहे थे। पता चला कि आज सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एक नये प्रतिमान को स्थापित कर रहा है। अब वहां नये पाठ्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन योजना यहां के बच्चों की बीमारी को पूरी तरह समाप्त करके लोगों को एक नया जीवन दे रहा है। माधव बाबू के नाम पर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर की नई पहचान बन रहा है। यहां की बेटियों को नर्सिंग की पढ़ाई के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए आज नर्सिंग कालेज का शिलान्यास मेरे द्वारा किया गया है। जिन गांवों में हर घर नल योजना से अब तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंचा है, वहां शुद्ध आरओ का पानी पहुंचाने के लिए शिलान्यास किया गया है। जो गांव कनेक्विटी से नहीं जुड़ पाए हैं, उन गांवों को कनेक्विटी से जोड़ने के लिए शिलान्यास किया गया है। सांसद जगदंबिका पाल का जब टिकट जब घोषित हुआ तो लोग कह रहे थे कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को टिकट दे दिया, लेकिन आज जब वह भाषण कर रहे थे तो लग रहा था कि कोई 40 साल का नौजवान बोल रहा है। अच्छे–अच्छे जवान उनके सामने फेल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मैंने देखा कि कोई सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में जनता के साथ इतना घुला मिला है तो वह जगदंबिका पाल हैं। वह उनके सुख–दुख के लिए की आवाज उठाते हैं।

# परिचित युवकों की मदद से नौकरानी ने कराई आर्किटेक्ट के घर में चोरी

**संवाददाता–गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर कॉलोनी निवासी आर्किटेक्ट आदित्य सिंह के घर में चोरी करने वाली नौकरानी और उसके दो परिचित युवक पकड़े गए। उनके पास से चोरी का तीन हार, एक सोने की चेन सहित अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 15 हजार रुपये का इनाम दिया। एसपी सिटी केके बिश्नोई की मौजूदगी में एसएसपी ने वारदात के पर्दाफाश की जानकारी दी।

शिवाजी नगर कॉलोनी निवासी आर्किटेक्ट आदित्य सिंह की पत्नी निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर हैं। 10 मार्च को उनके माता–पिता किसी काम से लखनऊ चले गए। पति और पत्नी भी घर पर नहीं थे। तभी मौका देखकर घर में घुसा अज्ञात युवक गहने समेट ले गया। उन्होंने तीन हार, सोने की चेन सहित करीब 15 लाख के गहने चोरी होने की सूचना दी। चोरी के संदेह में उन्होंने उन्होंने नौकरानियों रंजू और कविता के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया। पथरा में रहने वाली कविता करीब एक साल से उनके घर में काम करती थी। उन्होंने कविता के परिचित युवक पर चोरी करने का संदेह जताया। तो पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन शुरू कर दी।

बुधवार को एसओ रामगढ़ताल इत्यानंद पांडेय को सूचना मिली कि रानीबाग, पथरा में रहने वाली नौकरानी कविता ने अपने दो परिचित युवकों पथरा निवासी अमन सिंह और डांगीपार के चंदन वर्मा के साथ मिलकर चोरी की है। पुलिस ने तीनों को पकड़कर कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात का पर्दाफाश हुआ। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी का तीन हार, सोने की एक माला सहित अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी महिला और उसके साथियों ने बताया कि गहने बेचकर उनको अधिक पैसे मिल जाते। इसलिए उन लोगों ने चोरी की साजिश रची। आरोपी अमन अपने दोस्त चंदन के साथ मिलकर यू ट्यूब के वीडियो बनाता है। अमन को वीडियो एडटिंग की जानकारी है।

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 295/2019

श्रीमती लीलावती

बनाम

इन्द्रदेव आदि

1. इन्द्रदेव पुत्र स्व0 आरत हरणधर दूबे 2. साधना मिश्र पुत्री इन्द्रदेव पत्नी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा 3. सुनीता मिश्रा पुत्री इन्द्रदेव पत्नी अरूण कुमार मिश्रा 4. पुनीता पाण्डेय पुत्री इन्द्रदेव पत्नी राम सजीवन मिश्रा 5. आराधना तिवारी पुत्री इन्द्रदेव पत्नी पत्नी गिरजाशंकर तिवारी 6. विनीता मिश्रा पुत्री इन्द्रदेव पत्नी पत्नी शैलेश मिश्रा 7. अनामिका तिवारी पुत्री इन्द्रदेव पत्नी पत्नी राकेश तिवारी साकिनान मौजा लखनहट तप्पा पिलाई परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 01–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 01 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 15 बतारीख माह 03 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा

(आर्डर 22, कायदा 4)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 बस्ती जिला–बस्ती

मूलवाद सं0 281/1988

कौशल किशोर सिंह

बनाम

विजय बहादुर सिंह

2/1– श्रीमती कौशिल्या देवी पत्नी श्री फतेबहादुर सिंह 2/2– राजेश सिंह 2/3– सुरेश सिंह 2/4– सुनील सिंह पुत्रगण फतेबहादुर सिंह निवासीगण ग्राम कटया तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती 2/5– श्रीमती सुमन सिंह पत्नी राजेश सिंह पुत्री फतेबहादुर सिंह निवासिनी मोहल्ला सिविल लाईन्स बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 18–03–2024**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 18 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# बालीवुड स्टार सोनाक्षी सिन्हा ने कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम का किया उद्घाटन




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारत की सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण कंपनियों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने बस्ती के मालवीय रोड पर शोरूम लॉन्च किया। बॉलीवुड स्टार सोनाक्षी सिन्हा ने शोरूम का उद्घाटन किया। जिसमें कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न संग्रहों से डिजाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। ग्राहक यहाँ विश्व स्तरीय माहौल के साथ एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करने वाली अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद कर सकते हैं। इस अवसर पर रोमांचित भीड़ को संबोधित करते हुए बॉलीवुड स्टार सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, शमुझे कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम के उद्घाटन के लिए आज यहां उपस्थित होने पर बहुत खुशी हो रही है। दरअसल कल्याण ज्वैलर्स का प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए सम्मान की बात है, क्योंकि यह एक ऐसा ब्रांड है, जो विश्वास और पारदर्शिता के साथ ग्राहकों को केंद्र में रखता है। मुझे विश्वास है कि ग्राहक कल्याण ज्वैलर्स का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे, साथ ही कंपनी द्वारा पेश किए गए ज्वैलरी कलेक्शन के साथ खरीदारी के बेहतरीन अनुभव का आनंद लेंगे। नए शोरूम की लांचिंग पर बात करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा बस्ती में हमारे बिल्कुल नए शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा उद्देश्य ग्राहक के खरीदारी अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक पूरा ईकोसिस्टम तैयार करना है। हम अपने ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए उनके खरीदारी अनुभव को बढ़ाना चाहते हैं। हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के प्रति सच्चे रहते हुए, ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करते हुए, खुद को फिर से विकसित करना जारी रखना चाहते हैं। कल्याण ज्वैलर्स में हम गुणवत्ता और सेवा पर ध्यान देने के साथ उत्कृष्ट और अद्वितीय आभूषण डिजाइनों की विशाल श्रृंखला पेश करना जारी रखेंगे। नया शोरूम खोले जाने की खुशी में कंपनी ने ग्राहकों के लिए खास प्रमोशन और विशेष ऑफर की घोषणा की है जो विशेष रूप से इस नए आउटलेट पर मिलेंगे। इस तरह ग्राहक इस एकदम नए शोरूम से ज्वैलरी की खरीद करते हुए अधिकतम फायदे हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट भी लागू होगी, जो बाजार में सबसे कम है और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत हैं। यह ऑफर केवल सीमित अवधि के लिए हैं। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4–लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा, जिससे उन्हें शुद्धता, गहनों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय–बैक नीतियों की गारंटी हासिल होती है। यह प्रमाणन अपने वफादार ग्राहकों को सर्वोत्तम पेशकश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पिता–पुत्र के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी एक्ट का मुकदमा

**संवाददाता–गोरखपुर।** हरपुर बुदहट क्षेत्र के बसियाखोर चौराहे पर एक दलित महिला से मारपीट और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गालियां देना पिता पुत्र को महंगा पड़ गया। महिला की शिकायत पर हरपुर बुदहट पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी पिता–पुत्र पर मारपीट और एससी–एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुइकोल निवासी दलित महिला गुड्डी देवी पत्नी रामरूप ने बताया कि 8 मार्च को वह बसियाखोर चौराहे पर किसी कार्य से गई थी। जहां गांव के ही गिरजेश मिश्रा और उनके लड़के प्रवेश मिश्रा उसे जातिसूचक गालियां देने लगे। महिला ने जब विरोध किया तो पिता–पुत्र ने मिलकर गुड्डी देवी को पीट दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। इलाज के बाद उन्होंने बृहस्पतिवार को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि महिला की तहरीर पर कुइकोल निवासी गिरजेश मिश्रा और उनकर लड़के प्रवेश मिश्रा पर मारपीट, एससीएसटी का केस दर्ज किया गया है।

**अदालती नोटिस**

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान अति0 जिला जज ई0सी0 एक्ट बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0 57/2023

सिविल अपील सं0– 57/2019

दयाशंकर लाल गुप्ता

बनाम

कृष्ण कन्हैया लाल

कृष्ण कन्हैया लाल पुत्र गुरूशरन साकिन मड़या तप्पा दखिन हवेली परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला–संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 27–03–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 03 के 27 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

**कार्यालय यू०पी० कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड बस्ती मण्डल, बस्ती**

Pan Number -AAATU0955C        GSTN Number-09AAATU0955C2ZK

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रबी विपणन वर्ष 2024–25 में पी0सी0यू0 द्वारा मूल्य सर्मथन योजना के अर्न्तगत बस्ती मण्डल के जनपद बस्ती एवं सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदित क्रय केन्द्रों पर क्रय किए जाने वाले खाद्यान्न के हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदारों/फर्मो से निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टियां/निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य जानकारी https/ etender. up.nic.in पर उपलब्ध है।

क्षेत्रीय प्रबंधक
यू0पी0पी0सी0यू0
बस्ती मण्डल,बस्ती

पत्रांक– 27/गें0ख0/2024–25 दिनांक 15.03.2024

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी राजकुमार पुत्र श्री त्रिभवन ग्राम– अमरौली शुमाली टोला चिरैयाडाड़ पोस्ट– तेलियाडीह तहसील भानपुर थाना–सोनहा जनपद बस्ती (उ.प्र.) का निवासी है। मेरा पुत्र सोनू परिवार के कहने–सुनने में नहीं हैं। आये दिन विवाद और कलह किया करता है। उसका चाल चलन ठीक नहीं है। मैं उसे अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब उसका मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने किसी भी कृत्य, विवाद, लेन देन आदि के लिये वह स्वंय जिम्मेदार होगा। प्रकाशन इस लिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आवे।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com